भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1126**

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना

**शाहजहांपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का उन्नयन**

1126. श्री अरुण कुमार सागर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शाहजहांपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का उन्नयन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बाईपास निर्माण और सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएँ प्रगति पर हैं; यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इन परियोजनाओं पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आगामी स्वीकृत योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। शाहजहांपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य तदनुसार, यातायात घनत्व, सड़क की स्थिति और राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में रखने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर किया जाता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का कार्य भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों, दिशानिर्देशों, मैनुअल, आचार संहिता के साथ-साथ सड़क और पुल कार्यों के लिए विनिर्देशों के अनुसार किया जाता है। आवश्यक सड़क सुरक्षा उपाय जैसे कि सर्विस रोड का प्रावधान, मध्य मार्ग (मीडियन) के लिए जगह, विलय (मर्जिंग) और अलग करने की सुविधा, क्रैश बैरियर, साइनेज बोर्ड, फुट ओवर ब्रिज आदि नित्य एनएच के कार्यों का हिस्सा होते हैं। इसके अलावा, व्यावसायिक यातायात के लिए खोलने से पहले नई निर्मित सड़कों के स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए सड़क सुरक्षा लेखापरीक्षा (ऑडिट) किया जाता है। सभी चिन्हित सड़क सुरक्षा मुद्दों, जिनमें सड़क संकेतक और चिह्नों से संबंधित मुद्दे शामिल हैं, को जनता के लिए सड़क खोले जाने से पहले समाधान किया जाता है। इसके बाद, परियोजना राजमार्ग के संचालन के दौरान, संचालन चरण के दौरान उभरे सुरक्षा मुद्दों की चिन्हित करने के लिए नियमित अंतराल पर मूल्यांकन किया जाता है और

समयबद्ध तरीके से कोई भी आवश्यक उपचारात्मक उपाय किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा ऑडिट (आरएसए) को तीसरे पक्ष के लेखा परीक्षकों/विशेषज्ञों के माध्यम से सभी चरणों अर्थात डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव आदि में अनिवार्य कर दिया गया है। रिपोर्ट के परिणाम के अनुसार, सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं। पैदल यात्री अंडरपास, वाहन अंडरपास और हल्के वाहन अंडरपास के प्रावधान अनिवार्य रूप से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करते समय यातायात घनत्व, पैदल यात्रियों की आवाजाही और साइट की आवश्यकता के अनुसार किए जाते हैं।

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान शाहजहाँपुर जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए स्वीकृत/चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का परियोजना-वार विवरण अनुलग्नक -I में है।

शाहजहांपुर जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए स्वीकृत / चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का परियोजना-वार विवरण अनुलग्नक –II में है।

निधियों का आवंटन एनएच के विकास और रखरखाव के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार/ एजेंसी-वार किया जाता है, न कि जिला/क्षेत्र-वार।

पिछले तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में एनएच के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और व्यय का विवरण इस प्रकार है:

राशि करोड़ रूपये में

| वर्ष | आवंटन | व्यय |
|---|---|---|
| 2022-23 | 21,453.40 | 21,453.40 |
| 2023-24 | 28,113.83 | 28,113.83 |
| 2024-25 | 20,682.48 | 20,664.95 |
| 2025-26 (31.12.2025 तक) | 19,676.39 | 17,513.89 |

**अनुलग्नक I**

**"शाहजहांपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का उन्नयन" के संबंध में श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 05.02.2026 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1126 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान शाहजहांपुर जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए पूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण

| क्र. स. | एनएच नं. | परियोजना का नाम | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | लंबाई (किमी) | पूरा होने की तारीख | व्यय (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनएच 30 | एनएच-24 के बरेली सीतापुर खंड का शेष कार्य | 994.68 | 58.75 | 30.08.2024 | 984.63 |
| 2 | 730सी | एनएच-730सी के अल्लाहगंज - मीरानपुर कटरा खंड (किमी 52.770 से किमी 114.000) के 2लेन+पेव्ड शोल्डर का पुनर्वास और उन्नयन | 316.05 | 61.23 | 27.02.2024 | 299.06 |
| 3 | 731के | कैमुआ नाला पर एक छोटे पुल के निर्माण का शेष कार्य आइटम दर के आधार पर | 0.72 | 1 कार्य | 22.02.2025 | 0.71 |
| 4 | 731के | एनएच-731के के 1 किमी (1420 मीटर) से 12 किमी, 19 किमी से 21 किमी, 40 किमी और 43 किमी में पीआर ईपीसी मोड पर | 7.77 | 17.42 | 09.04.2023 | 5.53 |

अनुलग्नक II

**"शाहजहांपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का उन्नयन" के संबंध में श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 05.02.2026 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1126 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

शाहजहांपुर जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए स्वीकृत / चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का परियोजनावार विवरण

| क्र. स. | एनएच संख्या. | परियोजना का नाम | परियोजना की कुल लागत (करोड़ रुपये में) | लंबाई (किमी) | स्वीकृति/ सौंपे जाने की तिथि | नियत तिथि | अनुबंध में निर्धारित मूल समापन तिथि | वास्तविक प्रगति (प्रतिशत में) | पूर्ण होने की संशोधित/ लक्ष्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 731 | एनएच 731 (पैकेज-I) के खुतर बाईपास के प्रारंभ से शाहजहाँपुर बाईपास के प्रारंभ तक, 40000 किलोमीटर से 88750 किलोमीटर तक मौजूदा सड़क का 2/4 लेन पेव्ड शोल्डर तक सुधार और उन्नयन। | 338.57 | 48.75 | 20.06.2022 | 03.02.2023 | 02.02.2025 | 99.20 | 15.02.2026 |
| 2 | 731 | एनएच 731 (पैकेज-2ए) के शाहजहाँपुर बाईपास की शुरुआत से शाहाबाद बाईपास की शुरुआत तक 4लेन पेव्ड शोल्डर तक मौजूदा सड़क | 564.76 | 34.9 | 30.11.2022 | 19.01.2024 | 18.01.2026 | 53.04 % | 20.06.2026 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | का 88.750 से 123.650 तक सुधार और उन्नयन | | | | | | | |
| 3 | 730 सी | एनएच-730सी (किमी. 114.000 से किमी. 137.250) के मीरानपुर-कटरा से राधाइता तक के मार्ग का पुनर्वास एवं 2लेन+पेव्ड शोल्डर में उन्नयन (पैकेज-III) | 172.50 | 23.25 | 18.04.2020/14.03.2022 | 28.07.2022 | 27.07.2024 | 88 | 31.03.2026 |
| 4 | 731के | एनएच-731के के शाहजहाँपुर-बिसलपुर खंड (0.000 किमी से 47.026 किमी तक) का चार लेन में चौड़ीकरण/उन्नयन करना। | 1590.20 | 47.03 | 27.03.2023/02.12.2025 | करार दिनांक 14.01.2026 को हस्ताक्षरित हुआ। | | | |
| 5 | 730 | वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पीबीएमसी के अंतर्गत एनएच-730 के किमी 0.000 से किमी 82.000 (चै. 2.180 से 3.260 और चै. 30.840 से 31.620 को छोड़कर) के रखरखाव का कार्य। | 97.44 | 80.14 | 18.01.2024/15.03.2024 | 19.06.2024 | 18.06.2029 | 75 | 18.06.2029 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 730ए | पीबीएमसी के अंतर्गत एनएच-730 के किमी 0.000 से किमी 105.500 (चै. 15.500 से चै. 17.000 को छोड़कर) के रखरखाव का कार्य। | 128.67 | 104.00 | 08.01.2024/15.03.2024 | 19.06.2024 | 18.06.2029 | 75 | 18.06.2029 |

******